आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 18.09.2020

आरेडिका में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मास्क, सैनिटाइजर एवं साबुन का वितरण

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 16 सितंबर से 30 सितंबर 2020 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, इस पखावाड़े के तहत आरेडिका के विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई अभियान चलाये जाने के साथ–साथ विभिन्न स्वच्छता संबधी गतिविधियॉ संचालित की जा रही है ।

इसी कड़ी में कोरोना वायरस से लड़ने में और इसके रोकथाम के लिए सरकार एवं डब्ल्यू0 एच0 ओ0 द्वारा सोशल डिस्टेंसिग के साथ उत्तम स्वच्छता बनाये रखने की सलाह दी गयी है । कोरोना वायरस से बचाव के लिए साबुन एवं सेनेटाइजर द्वारा हाथों की स्वच्छता की अहम भूमिका है ।

इस अवसर पर आज दिनांक 18.09.2020 को आरेडिका में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/संरक्षा एवं प्रशिक्षण के द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र, प्रशासनिक भवन एवं फैक्ट्री परिसर के अन्दर स्थित उप प्रशासनिक भवन में रेलवे कर्मचारियों व अनुबंधित कर्मचारियों को मास्क एवं सैनिटाइजर व साबुन वितरित किया गया एवं इसके महत्व व कोविड–19 में इसकी उपयोगिता के बारे प्रशिक्षित किया गया ।

(वी. के. दूबे) 18/09/2020
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी